कालेज नहीं आने वाले विद्यार्थियों के काटे जाएंगे नाम : जेपी चौहान

संवाद सहयोगी, जागरण • नगीना: राजकीय महाविद्यालय नगीना में शिक्षा ग्रहण कर रहे 1302 छात्रों में से केवल 50 या 60 ही बच्चे कालेज में अपनी हाजिरी दर्ज करा रहे हैं। इसलिए कालेज प्रशासन ने फैसला लिया है कि जो विद्यार्थी लगातार कालेज में नहीं आएगा उसका नाम काट दिया जाएगा। फैसला लिया गया कि एक बार नाम कटने के बाद दोबारा उस बच्चे का नाम भी कालेज में नहीं लिखा जाएगा। कालेज के कार्यकारी प्राचार्य जयप्रकाश चौहान ने बताया कि नगीना की कालेज में सभी विषयों के शिक्षक मौजूद हैं। लेकिन इसका फायदा विद्यार्थी बिल्कुल भी नहीं उठा रहे हैं। विद्यार्थी को कालेज में लगातार आना चाहिए। ताकि अच्छी शिक्षा हासिल कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक छात्रों के नहीं आने के कारण कालेज में बैठकर ही चले जाते हैं।

जय प्रकाश चौहान